दैनिक
# न्याय साक्षी

संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-
खाना खजाना- राशिफल

रायगढ़, मंगलवार 04 जून 2019

www.nyaysakshi.com



## संपादकीय

# मोदी मंत्रिमंडल

अपने बूते बहुमत हासिल करने वाली भाजपा ने राजग सदस्यों की प्रतीकात्मक उपस्थिति के साथ आखिरकार नई सरकार का चेहरा उकेर ही दिया। बिमस्टेक देशों के अतिथियों व करीब आठ हजार मेहमानों के साथ राष्ट्रपति भवन में हुए शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री ने 57 मंत्रियों के साथ शपथ ली। सबसे ज्यादा चौंकाने वाला फैसला भाजपा संगठन के सूत्रधार अमित शाह का मंत्रिमंडल में शामिल होना रहा। कुल 24 कैबिनेट, नौ स्वतंत्र प्रभार वाले राज्यमंत्रियों व 24 राज्य मंत्रियों के साथ उभरे सरकार के स्वरूप में कई पुराने दिग्गज मंत्री नदारद नजर आये। शुक्रवार को मंत्रिमंडल की तस्वीर साफ हुई तो तो पहली बार सांसद बने भाजपा अध्यक्ष अमित शाह को गृह मंत्रालय की जिम्मेदारी सौंपी गई। अन्य कैबिनेट मंत्रियों में राजनाथ सिंह को रक्षा, निर्मला सीतारमण को वित्त, रमेश पोखरियाल निशंक को मानव संसाधन विकास, डॉ. हर्षवर्धन को स्वास्थ्य, तकनीक व पृथ्वी विज्ञान, नितिन गडकरी को सड़क व परिवहन, स्मृति ईरानी को महिला एवं बाल विकास, एस. जयशंकर को विदेश, पीयूष गोयल को रेल व वाणिज्य, धर्मेंद्र प्रधान को पेट्रोलियम व इस्पात, रविशंकर प्रसाद को कानून, नरेंद्र सिंह तोमर को कृषि, डी. सदानंद गौड़ा को रसायन एवं उर्वरक, मुख्तार अब्बास नकवी को ?अल्पसंख्यक मामले, महेंद्र नाथ पांडेय को कौशल विकास, रामविलास पासवान को खाद्य एवं आपूर्ति, हरसिमरत कौर बादल को खाद्य प्रसंस्करण उद्योग, थावर चंद गहलोत को सामाजिक न्याय और आधिकारिता, अर्जुन मुंडा को जनजातीय मामले, प्रकाश जावड़ेकर को सूचना व प्रसारण तथा पर्यावरण मंत्रालय सौंपा गया। बहरहाल, जहां मोदी सरकार में अनुभव, विषय दक्षता तथा राज्यों के आसन्न चुनावी परिदृश्य के राजनीतिक निहितार्थों को प्राथमिकता दी गई, वहीं राजग के घटक दलों की प्रतीकात्मक उपस्थिति दर्ज कराई गई। हालांकि शपथ ग्रहण समारोह में बिहार में राजग के महत्वपूर्ण घटक जद-यू का मंत्रिमंडल से बाहर रहना चर्चाओं में रहा।

दस सांसदों वाले हरियाणा के आसन्न विधानसभा चुनाव के मद्देनजर तीन सांसदों राव इंद्रजीत सिंह, कृष्णपाल गुर्जर तथा रतनलाल कटारिया को मंत्रिमंडल में शामिल किया गया। वहीं पंजाब के अमृतसर से चुनाव हारने वाले हरदीप सिंह पुरी समेत तीन मंत्री बनाये गये। हिमाचल प्रदेश से अनुराग ठाकुर को महत्वपूर्ण वित्त व कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय में राज्यमंत्री बनाया गया। विदेश सेवा के पूर्व अधिकारी एस. जयशंकर को विदेश मंत्री बनाने के फैसले ने दर्शाया कि मोदी टेक्नोक्रेट को तरजीह दे रहे हैं। वहीं दूसरे कार्यकाल की मंत्रिपरिषद में मोदी के संकटमोचक माने जाने वाले अरुण जेटली, लोकप्रिय विदेशमंत्री सुषमा स्वराज, सुरेश प्रभु, जे. पी. नड्डा, मेनका गांधी, उमा भारती, सत्यपाल सिंह, महेश शर्मा, राज्यवर्धन सिंह राठौड़ और जयंत सिन्हा की अनुपस्थिति ने सबको चौंकाया।

# 100 दिनों में 5 प्रतिशत स्पेक्ट्रम की टेस्टिंग शुरू करने का लक्ष्य, इसी साल नीलामी: रविशंकर प्रसाद

**नई दिल्ली।** दूरसंचार मंत्री रविशंकर प्रसाद ने कहा कि अगले 100 दिनों में 5 प्रतिशत स्पेक्ट्रम की टेस्टिंग शुरू करने का लक्ष्य है। पदभार संभालने के तुरंत बाद मंत्रालय के लिए कार्य योजना तय करते हुए प्रसाद ने एक और बड़ी बात कही कि 5 प्रतिशत और अन्य बैंड के लिए स्पेक्ट्रम नीलामी इसी साल की जाएगी। उन्होंने कहा कि संकट में घिरी सार्वजनिक क्षेत्र की दूरसंचार कंपनी भारत संचार निगम लि. (बीएसएनएल) और महानगर टेलिफोन निगम लि. (एमटीएनएल) का पुनरुद्धार उनकी प्राथमिकता में सबसे ऊपर है। हालांकि, उन्होंने कहा कि दोनों कंपनियों को इस दिशा में काम करना होगा और पेशेवर रुख अपनाकर अपनी तरफ से प्रयास करना होगा।

यह पूछे जाने पर कि चीनी दूरसंचार कंपनी हुवावे को 5जी परीक्षण में शामिल होने की अनुमति दी जाएगी, मंत्री ने कहा कि सुरक्षा पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जटिल मुद्दों पर गौर किया जाएगा। गौरतलब है कि पिछले महीने ट्रंप प्रशासन ने हुवावे और उसकी सहयोगी इकाइयों को ब्लैक लिस्ट में डाल दिया। दूरसंचार उपकरण बनाने वाली चीनी कंपनी को अमेरिकी कंपनियों से उपकरणों की खरीद पर पाबंदी लगा दी। हालांकि,



बाद में अपने ग्राहकों की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए कुछ पाबंदियों पर छूट दी है।

मंत्री ने देश में स्पेक्ट्रम नीलामी को लेकर चीजें साफ की। उन्होंने कहा, मुझे भरोसा है कि चालू वर्ष में हम स्पेक्ट्रम की नीलामी करेंगे। हमारे पास पर्याप्त स्पेक्ट्रम उपलब्ध है। भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने 8,644 मेगाहर्ट्ज दूरसंचार फ्रीक्वेंसी की नीलामी की सिफारिश की है। इसमें 5जी सर्विसेज के लिए स्पेक्ट्रम की नीलामी शामिल है। इसके लिए अनुमानित कुल आधार मूल्य 4.9 लाख करोड़ रुपये है। हालांकि वित्तीय दबाव झेल रही टेलिकॉम इंडस्ट्री का कहना है कि कीमत अधिक है।

मंत्री के अजेंडे में अन्य प्रमुख मुद्दे 100 दिनों में 5जी का परीक्षण पूरा करना तथा ब्रॉडबैंड रेडीनेस इंडेक्स तैयार करना है। यह भारतीय बाजार की वास्तविकताओं को प्रतिबिंबित करता है। इसके अलावा 5 लाख वाईफाई हॉट स्पाट्स के लिए तेजी से काम करना तथा देश में दूरसंचार विनिर्माण को बढ़ावा देना है। सूचकांक बुनियादी ढांचा, मंजूरी प्रक्रिया और उच्च गति इंटरनेट जैसे मानदंडों पर आधारित होगा। प्रसाद ने कहा, जहां तक 5जी नेटवर्क का सवाल है, हम 100 दिनों में परीक्षण करेंगे। हम 5जी के लिए स्पेक्ट्रम निर्धारित करने का प्रस्ताव करते हैं। यह हमारा प्रयास होगा कि 5जी टेक्नॉलजी का उपयोग वंचित तबकों, सामाजिक उद्देश्य, शिक्षा और स्वास्थ्य तथा गांवों के लोगों तक टेक्नॉलजी पहुंचाने में भी हों।

मंत्री ने कहा, ट्राई ने स्पेक्ट्रम पर अपनी सिफारिशें दे दी हैं। हमारे पास स्थायी समिति, वित्त समिति की व्यवस्था है। वे इस पर गौर कर रहे हैं। उनकी सिफारिशें आने पर अगर ट्राई के साथ और परामर्श की जरूरत पड़ी तो हम इस पर विचार करेंगे। प्रसाद ने कहा कि बाजार में संतुलन बनाए रखने में सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों की महत्वपूर्ण भूमिका है, लेकिन उन्होंने दोनों सार्वजनिक उपक्रमों एमटीएनएल और बीएसएनएल को कड़ा संदेश दिया।

## भारत के खिलाफ नहीं खेल सकेंगे लुंगी गिडी

**लंदन(आरएनएस)।** दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज लुंगी गिडी चोट के कारण भारत के साथ पांच जून को होने वाले विश्व कप मुकाबले में नहीं खेल पाएंगे। दक्षिण अफ्रीकी टीम ने अधिकारिक तौर पर इसकी पुष्टि कर दी है। गिडी बांग्लादेश के साथ रविवार को हुए मुकाबले में खेले थे लेकिन हैम्स्ट्रिंग की समस्या के कारण सिर्फ चार ओवर गेंदबाजी कर सके थे।

टीम के डॉक्टर मोहम्मद मूसाजी ने कहा है कि लुंगी की चोट का सोमवार को स्कैन किया जाएगा लेकिन अभी जो हालात हैं उनके मुताबिक वह कम से कम सात या दस दिनों तक मैदान में नहीं उतर पाएंगे।

मूसाजी ने कहा, 'अहतियात के तौर पर हमने उन्हें आगे गेंदबाजी की इजाजत नहीं दी। सोमवार को उनका स्कैन किया जाएगा लेकिन अभी के हालात के हिसाब से वह अगले सात से दस दिनों तक मैदान पर नहीं उतर सकेंगे।'

दक्षिण अफ्रीका टीम को यह बड़ा झटका लगा है। वह विश्व कप के अपने दो मैच हार चुकी है। पहले मैच में उसे मेजबान टीम ने हराया था। रविवार को उसे बांग्लादेश के खिलाफ शर्मनाक हार मिली थी।

# ब्याज दर में कटौती कर सकता है रिजर्व बैंक

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** भारतीय रिजर्व बैंक बृहस्पतिवार को मौद्रिक नीति की समीक्षा में नीतिगत दरों में 0.25 प्रतिशत की कटौती कर सकता है। यदि केंद्रीय बैंक ऐसा करता है तो यह लगातार तीसरा मौका होगा जबकि वह ब्याज दर घटाएगा। विशेषज्ञों का कहना है कि 2018-19 की चौथी तिमाही में आर्थिक वृद्धि दर पांच साल के निचले स्तर पर आ गई है जिसके मद्देनजर रिजर्व बैंक द्वारा ब्याज दरों में कटौती की गुंजाइश बढ़ी है।


भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) बृहस्पतिवार को चालू वित्त वर्ष की दूसरी द्विमासिक मौद्रिक समीक्षा पेश करेगी। नरेंद्र मोदी की अगुवाई वाली सरकार के दूसरे कार्यकाल में यह पहली मौद्रिक समीक्षा होगी। पिछली दो बैठकों में भी एमपीसी नीतिगत दरों में चौथाई-चौथाई प्रतिशत की कटौती कर चुकी है। रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकान्त दास की अगुवाई वाली एमपीसी की तीन दिन की बैठक चार जून से शुरू होगी। देश के सबसे बड़े बैंक भारतीय स्टेट बैंक ने अपनी हालिया शोध रिपोर्ट में कहा था कि रिजर्व बैंक को ब्याज दरों में अधिक बड़ी कटौती करनी होगी, 0.25 प्रतिशत से अधिक, जिससे अर्थव्यवस्था में सुस्ती को रोका जा सके।



भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के महानिदेशक चंद्रजीत बनर्जी ने कहा कि अर्थव्यवस्था को प्रोत्साहन के लिए केंद्रीय बैंक को ब्याज दरों में कटौती को जारी रखना होगा। उन्होंने कहा, उपभोक्ता सामान खंड में उत्पादन और बिक्री में कमी को दूर करने की जरूरत है।

# पेट्रोल-डीजल के दामों में गिरावट का सिलसिला जारी

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** पेट्रोल और डीजल के दाम में सोमवार को लगातार पांचवें दिन गिरावट दर्ज की गई है। नई सरकार बनने के बाद यह पेट्रोल और डीजल के दाम में सबसे बड़ी कटौती है। तेल विपणन कंपनियों ने रविवार को पेट्रोल के दाम दिल्ली में 20 पैसे, कोलकाता में 17 पैसे, मुंबई में 18 पैसे और चेन्नई में 19 पैसे प्रति लीटर घटा दिए हैं। डीजल के दाम में पेट्रोल की अपेक्षा ज्यादा कटौती की गई है। डीजल दिल्ली में प्रति लीटर 40 पैसे, कोलकाता में 38 पैसे और मुंबई व चेन्नई में 40 पैसे सस्ता हो गया है। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के दाम में आई भारी गिरावट का भारतीय तेल कंपनियों को फायदा मिला है क्योंकि तेल का आयात सस्ता हो गया है। कच्चे तेल का भाव में लगातार छठे सत्र में सोमवार को भी सोमवार को भी गिरावट जारी रही। ब्रेंट क्रूड का भाव इन छह दिनों में नौ डॉलर प्रति



बैरल गिरा है।

इंडियन ऑयल की वेबसाइट के अनुसार, दिल्ली, कोलकता, मुंबई और चेन्नई में पेट्रोल के दाम घटकर क्रमशः 71.30 रुपये, 73.56 रुपये, 76.98 रुपये और 74.08 रुपये प्रति लीटर हो गए हैं। डीजल के दाम भी चारों महानगरों में घटकर क्रमशः 65.76 रुपये, 67.68 रुपये, 68.97 रुपये और 69.58 रुपये प्रति लीटर हो गए हैं।

# देश के विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि ने मई में पकड़ी रफ्तार: पीएमआई

**नई दिल्ली।** मांग में बढ़ोत्तरी के साथ कंपनियों के उत्पादन बढ़ाने से इस साल मई में देश में विनिर्माण गतिविधियों की रफ्तार में वृद्धि दर्ज की गई। इससे क्षेत्र में रोजगार भी बढ़े हैं। सोमवार को जारी एक मासिक सर्वेक्षण में यह बात सामने आई। निक्की इंडिया मैन्युफैक्चरिंग परचेजिंग मैनेजर्स इंडेक्स (पीएमआई) मई में वृद्धि के साथ 52.7 अंक पर आ गया जो अप्रैल में 51.8 अंक पर था।

यह पिछले तीन महीने में इस क्षेत्र में सबसे बेहतर वृद्धि को दर्शाता है। हालांकि यह लगातार 22वां महीना है, जब विनिर्माण पीएमआई 50 अंक से ऊपर रहा है। पीएमआई का 50 अंक से ऊपर रहना विनिर्माण गतिविधियों में विस्तार और 50 अंक से नीचे रहना संकुचन को दर्शाता है।



आईएचएस मार्किट की प्रधान अर्थशास्त्री और इस सर्वेक्षण रपट की लेखिका पॉलियाना डि लीमा ने कहा है, मांग बढ़ने के साथ मई में खाली हुई इन्वेंट्री को फिर से भरने के लिए भारतीय कंपनियों ने उत्पादन में बढ़ोत्तरी की है। इससे विनिर्माण गतिविधियां बढ़ी हैं।

सर्वेक्षण के मुताबिक, सामानों के उत्पादकों की धारणा मजबूत होने, नए ऑर्डर में ठोस बढ़ोत्तरी के दम पर क्षेत्र में रोजगार बढ़े हैं। इस सर्वेक्षण में कहा गया है, अप्रैल, 2018 में नौकरियों में लगातार इजाफा दर्ज किया गया है। फरवरी के बाद यह वृद्धि सबसे अधिक है।

## चैंपियंस लीग फाइनल में मैदान पर सुरक्षा घेरा तोड़कर पहुंची महिला प्रशंसक

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** चैंपियंस लीग के फाइनल मैच के दौरान एक महिला मैदान पर पहुंच गई जिससे कुछ देर के लिए मुकाबला रोकना पड़ा। मैड्रिड में टॉटनहैम को लिवरपूल ने 2-0 से मात दी। इस मुकाबले में मोहम्मद सालाह और दिवोच ओरिजी ने 1-1 गोल किया। रिपोर्ट के मुताबिक, एक महिला बीच मैच के दौरान मैदान पर पहुंच गई। हालांकि बाद में सुरक्षा अधिकारियों ने उसे पकड़कर बाहर किया। इस महिला का नाम किंसी वोलांस्की बताया जा रहा है। काले रंग का स्विमसूट पहने यह महिला सुरक्षा घेरे को तोड़कर पहले हाफ के दौरान मैदान पर पहुंच गई लेकिन सुरक्षाकर्मियों ने तुरंत उसे बाहर कर दिया। उसके सूट पर लिखा था- विताली अनसेंसर्ड।रिपोर्ट की मानें तो यह महिला विताली ज्दोरोवेत्सिकी की गर्लफ्रेंड है। ज्दोरोवेत्सिकी वही शख्स है जो 2014 फीफा वर्ल्ड कप फाइनल के दौरान नैचरल बोर्न प्रैंक्स्टर लिखकर मैदान पर पहुंच गया था। इस वाकये के बाद वोंलास्की के इंस्टाग्राम पर फॉलोअर की संख्या में तेजी से इजाफा हुआ।

## आज का राशिफल

*मेषः-* आज के दिन आपके सभी आर्थिक प्रयोजन सिद्ध होंगे। विदेश जाने का प्रबल योग है। ग्रहों के योग से आज धन निवेश के लिए भी शुभ दिन है।

*वृषभः-* काफी दिनों से मन में बसी प्रिय वस्तु की ख्वाहिश आज पूरी होगी। कार्यक्षेत्र में मान-सम्मान में वृद्धि होगी। बड़े-बुजुर्गों का आर्शीवाद मिलेगा।

*मिथुनः-* आज आपको मन लगाकर काम करने की आवश्यकता है। अन्यथा मन की व्याकुलता बढ़ेगी। आज खानपान का ख्याल रखें, सेहत खराब हो सकती है।

*कर्कः-* आज के दिन मां लक्ष्मी की आपके ऊपर विशेष कृपा रहेगी। सभी उच्चाधिकारियों का सहयोग मिलने का योग है। इससे भविष्य में आपके लिए शुभअवसर सामने आएंगे।

*सिंहः-* आज के दिन मन में प्रसन्नता और शरीर में स्फूर्ति का अनुभव होगा। इसके अलावा आपके मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी और उच्च पद की प्राप्ति का प्रबल योग है।

*कन्याः-* नौकरी की दिशा में चल रहे सभी कार्यों में आप अपने भाग्य का सहयोग प्राप्त करेंगे। आज धर्म-कर्म में आपकी रुचि बढ़ेगी। शाम तक किसी समारोह में जाने का योग है।

*तुलाः-* आज आपके लिए दिन की शुरुआत थोड़ी फीकी रहेगी। लेकिन दिन ढलते-ढलते आपके लिए स्थितियां थोड़ी बेहतर होंगी। वाहन को लेकर आज सावधानी बरतने की आवश्यकता है।

*वृश्चिकः-* आज के दिन जीवनसाथी के साथ व्यवहार अधिक मधुरतापूर्ण रहेगा। किसी सुखद यात्रा पर भी जाने का योग है। मित्रों के साथ आज का दिन मनोरंजन पूर्वक बीतेगा।

*धनुः-* सौभाग्य योग आपके ऊपर मेहरबान होने से आपके मान-सम्मान में वृद्धि होगी। आपके विरोधी भी परास्त होगी।

*मकरः-* आज आपका मन सृजनात्मक प्रवृत्तियों की ओर आकर्षित होगा। आपके स्वभाव में प्रेम-भाव में वृद्धि होगी। रिश्तों के प्रति आपके सख्त रवैये में भी नरमी आएगी।

*कुंभः-* आज के दिन किसी के साथ भी वाद-विवाद में न पड़े। माता और घर की किसी बुजुर्ग महिला के स्वास्थ्य के प्रति विशेष सावधानी बरतें।

*मीनः-* आज के दिन मन बेवजह ही परेशान रहेगा। किसी भी बात को लेकर चिंता बनी ही रहेगी। पराक्रम में वृद्धि के योग हैं।

## खीरे का रायता बनाने की विधि...

**सामग्रीः-**

- आधा चम्मच भुना जीरा
- एक चम्मच चीनी
- चार चम्मच क्रीम
- आधा चम्मच काली मिर्च पाउडर
- एक खीरा
- नमक स्वादानुसार
- एक कटोरी दही
- एक चम्मच चाट मसाला
- एक टमाटर



**विधि:**

सबसे पहले एक बड़े बाउल में दही निकालकर अच्छी तरह से फेंट लें। फिर इसमें फ्रेश क्रीम, चीनी, जीरा, नमक, चाट मसाला, काली मिर्च डालकर अच्छे से फेंट लें। फिर इसमें खीरे को कद्दूकस कर के डालकर मिक्स कर लें। अब गार्निश करने के लिए एक ग्लास में खीरे और टमाटर के स्लाइस डालें। फिर इस ग्लास में रायता डालकर सर्व करें।


## शब्द सामर्थ्य- 84

**बाएं से दाएं**

1. खूब कसा हुआ, फूर्तिला, जो शिथिल व आलसी न हो 3. सार्वजनिक स्थान, संस्था, अस्तित्व, समिति 4. पौरुष, पुरुषत्व, मर्द होने का भाव 6. अंधेरा, अंधकार 7. लिपाई करना 9. शरीर, काया, जिस्म 10. मां के पिता, विभिन्न 12. महीना, मास 14. प्रियतम, बलमा, सजना 15. पांडवों का सबसे छोटा भाई 17. नशा, घमंड, खाता 19. वनोपज, वन से प्राप्त सामाग्री 21. शक्तिशाली, बलवान 24. तीव्र इच्छा 25. हथेली।

**ऊपर से नीचे**

1. निंदा, बुराई 2. निर्जीव, निष्प्राण 3. ध्वनियों या स्वरों का विशिष्ट लय में प्रस्फुटन, धुन, म्युजिक 4. झुका हुआ, विनीत 5. रूठे हुए को प्रसन्न करना, राजी करना 8. आश्रय, शरण 11. जन्म, जिंदगी 12. इंसानियत, मनुष्यता 13. रास्ता, मार्ग 14. एक हिंदी महीना, श्रावण 15. सपाट, जो उबड़-खाबड़ न हो 16. पति का छोटा भाई 18. गहरा कीचड़, पंक 20. आत्मा, अंतःकरण (उ.) 22. बीता हुआ या आने वाला दिन 23. बगुला।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 83 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| गु | मा | न | | | प | यो | द | |
| न | | ह | क | दा | र | | ल | य |
| ह | वा | ला | त | | च | | द | म |
| गा | | | रा | ज | म | ह | ल | |
| र | ई | स | | ग | | स | | अ |
| | मा | | प | त | वा | र | | ल |
| ख | न | क | ना | | ह | त | | बे |
| स | दा | | ह | | वा | | शो | ला |
| रा | र | | | | ही | र | क | |

## सू-दोकू- 84

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | | | 4 | | 3 | | |
| 2 | | | 3 | | | 9 | | 4 |
| | 6 | | | 2 | | | | |
| 3 | | 1 | | | 7 | | 4 | |
| | 2 | | | 1 | | | 6 | |
| 8 | | | 9 | | 4 | | | 1 |
| | | 2 | | 3 | | 7 | | |
| 1 | | | 7 | | 2 | 4 | | 3 |
| | 5 | 3 | | 8 | | | 7 | 2 |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.83 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 2 | 8 | 3 | 1 | 5 | 7 | 4 | 6 |
| 4 | 1 | 6 | 8 | 9 | 7 | 2 | 5 | 3 |
| 7 | 3 | 5 | 4 | 6 | 2 | 8 | 1 | 9 |
| 2 | 7 | 3 | 9 | 8 | 1 | 4 | 6 | 5 |
| 5 | 4 | 1 | 6 | 7 | 3 | 9 | 2 | 8 |
| 6 | 8 | 9 | 2 | 5 | 4 | 1 | 3 | 7 |
| 3 | 6 | 2 | 7 | 4 | 9 | 5 | 8 | 1 |
| 8 | 5 | 7 | 1 | 2 | 6 | 3 | 9 | 4 |
| 1 | 9 | 4 | 5 | 3 | 8 | 6 | 7 | 2 |